प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लोकार्पण से पूर्व रिफाइनरी में आग लगना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल, सरकार तय करे जिम्मेदारी : टीकाराम जूली

राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष ने मांग उठाई कि पदपचरा रिफायनरी में आगजनी की उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बाडमेर की पचपदरा रिफाइनरी में भीषण आग लगने पर गहरी चिंता और दु:ख जताया है। उन्होंने कहा कि यह देवताओं और संतों की भूमि का का पुण्य प्रताप है कि कोई जनहानि नहीं हुई। जूली ने कहा कि पचपदरा स्थित यह रिफाइनरी पूरे प्रदेश का मान- सम्मान और गर्व है तथा सभी इस बात से प्रसन्न थे कि इतने लंबे इन्तजार के बाद आखिरकार इसका लोकार्पण होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इससे पहले कि मंगलवार को पीएम मोदी इसका लोकार्पण करते, सोमवार को यहाँ आग लग गई, इस घटना से पूरा राजस्थान बेहद दु:खी है।

- जूली ने हैरानी जताते हुए कहा कि देश के इतिहास में शायद ही ऐसा कोई वाकया हुआ हो, जब किसी प्रधानमंत्री द्वारा किसी प्रोजेक्ट के उद्घाटन से ठीक एक दिन पहले वहां इतना बड़ा अग्निकांड हो जाए। प्रधानमंत्री की सुरक्षा और प्रोटोकॉल सर्वोपरि होता है, जिससे किसी भी सूरत में समझौता करना अक्षम्य है।
- उन्होंने कहा कि पिछले कई हादसों और घटनाओं से सरकार ने कोई सबक नहीं लिया है और किसी की भी ऐसे मामलों के जिम्मेदारी तय नहीं की जाती है। सरकार को इस प्रकरण में दोषियों पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

जूली ने कहा कि पिछले कई हादसों और घटनाओं से सरकार ने कोई सबक नहीं लिया है और किसी की भी ऐसे मामलों के एकाउंटेबिलिटी तय नहीं की जाती है। उन्होंने कहा कि इस बार इतना बड्डी घटना हो गई है तो सरकार को अब तो कम से कम अकाउंटेबिलिटी तय करके इस घटना के जिम्मेदारों के खिलाफ कार्यवाई करनी चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पचपदरा रिफाइनरी का लोकार्पण पूरे प्रदेश के लिए गौरव का क्षण था, जिसके लिए स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आने वाले थे। ऐसे अति-महत्वपूर्ण और हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम से ठीक एक दिन पहले इतने बड़े पैमाने पर आग लगना कई सवालों को जन्म देता है। जूली ने हैरानी जताते हुए कहा कि देश के इतिहास में शायद ही ऐसा कोई वाकया हुआ हो, जब किसी प्रधानमंत्री द्वारा किसी प्रोजेक्ट के उद्घाटन से ठीक एक दिन पहले वहां इतना बड़ा अग्निकांड हो जाए। प्रधानमंत्री की सुरक्षा और प्रोटोकॉल सर्वोपरि होता है, जिससे किसी भी सूरत में समझौता करना अक्षम्य है।

राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर कटाक्ष करते हुए जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री जी और उनका पूरा अमला पचपदरा में केवल इवेंट मैनेजमेंट और चमक-धमक की तैयारियों में व्यस्त रहा, उन्होंने सवाल खड़ा किया कि यदि यह भीषण हादसा एक दिन पहले न होकर ठीक लोकार्पण वाले दिन हो जाता, तो स्थिति कितनी भयावह और आत्मघाती हो सकती थी? क्या मुख्यमंत्रीजी के पास इसका कोई जवाब है?जूली ने कहा कि उनकी जानकारी में आया है कि जयपुर में हुई आज किसी रैली में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने काला पृष्ठ और उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने चुल्लू भर पानी में डूब जाने जैसी बातें बोली हैं, इस पर उन्होंने कहा "मैं तो ऐसी शब्दावली काम में नहीं लेता लेकिन किसे चुल्लू भर पानी में डूबना चाहिए, रिफाइनरी हादसे के बाद अब जनता तय करेगी।" मामले की गंभीरता को देखते हुए नेता प्रतिपक्ष ने इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। जूली ने मुख्यमंत्री को नसीहत देते हुए कहा कि अब उन्हें आत्मचिंतन करने की आवश्यकता है। सरकार को सत्ता में आए काफी समय हो चुका है, अब उन्हें केवल विज्ञापन और प्रचार के मोह से बाहर निकलकर गवर्नेंस की बुनियादी जिम्मेदारियों के प्रति गंभीर होना चाहिए। जनता की सुरक्षा और प्रदेश के विकास के प्रति इस तरह की लापरवाही राजस्थान कतई बर्दाश्त नहीं करेगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ कर रही सरकार

दो दिवसीय अभियान में 1535 हैण्डपम्पों की मरम्मत, 911 पाइपलाइन लीकेज तथा 329 अन्य सुधार कार्य हुए

जयपुर (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर प्रदेशभर में जल जीवन मिशन, अमृत, ग्रीष्मकालीन कंटीन्जेंसी कार्यों, क्षितग्रस्त पाईप लाइनों एवं हैण्डपम्पों का जिला प्रशासन एवं जलदाय विभाग के अधिकारियों के साथ गांव-गांव जाकर कार्यों का निरीक्षण किया और मौके पर ही मरम्मत कार्य करवाकर समस्याओं का निस्तारण किया। इस अभियान के अन्तर्गत 2677 कार्यों का निरीक्षण किया गया, जिनमें जल जीवन मिशन के 407, अमृत के 80, ग्रीष्मकालीन कंटीन्जेंसी के 77 कार्य एवं अवरूद्ध हैण्डपम्प, क्षितग्रस्त पाईप लाईन इत्यादि शामिल है। इसी प्रकार विभाग के तकनीकी कर्मचारी एवं अभियन्ताओं की लगभग 450 टीमों ने कुल 2792 शिकायतों को सूचीबद्ध कर 2775 शिकायतों का निस्तारण किया। इनमें 1535 हैण्डपम्प मरम्मत, 911 पाईप लाईन लीकेज सुधार एवं 329 अन्य सुधार कार्य शामिल है।

जेईएन भर्ती पेपर लीक का एक और मास्टरमाइंड एसओजी के हत्थे चढ़ा

आरोपी भीम सिंह वर्ष 2020 के पेपरलीक मामले में सक्रिय सदस्य था

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ अभियंता (जेईएन) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020 के पेपर लीक मामले में गिरोह के एक सक्रिय भीम सिंह को गिरफ्तार किया है। जो अभ्यर्थियों को टैबलेट पर पेपर पढ़वाकर लाखों की वसूली करता था। फिलहाल एसओजी की टीम आरोपित से पूछताछ कर रही है ।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया कि कनिष्ठ अभियंता (जेईएन) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020 के पेपर लीक मामले में गिरोह के एक सक्रिय सदस्य भीम सिंह (46) निवासी धीरपुर (अलवर) हाल बानसूर जिला कोटपुतली-बहरोड को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने आरपीएफ से वीआरएस लेने के बाद बानसूर में कोचिंग और जयपुर में ऑनलाइन कंप्यूटर लैब का संचालन कर रखा था।

आरोपी भीम सिंह

- आरोपी ने आरपीएफ से वीआरएस लेने के बाद बानसूर में कोचिंग और जयपुर में ऑनलाइन कंप्यूटर लैब शुरू कर ली थी

जांच में सामने आया है कि यह गिरोह प्रश्नपत्र लीक करने के बाद उसे अभ्यर्थियों को पढ़ाने के लिए सैमसंग टैबलेट और एप्पल आईपैड जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग करता था। आरोपी भीम सिंह ने गिरफ्तारी से बचने के लिए प्रयुक्त टैबलेट अपनी पुत्री को दे दिया था। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।

पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी भीम सिंह और उसका साथी भूपेन्द्र सारण (जो पूर्व में आरपीएफ में साथ थे) मिलकर अभ्यर्थियों से प्रति पेपर 25 से 30 लाख रुपए वसूलते थे। यह राशि गैंग के सदस्यों में बांट दी जाती थी। आरोपी मोबाइल के बजाय टैबलेट का उपयोग करता था ताकि एक साथ कई अभ्यर्थियों को पेपर पढ़ाया जा सके। आरोपी भीम सिंह का पेपर लीक से पुराना नाता रहा है। वह पूर्व में भी कनिष्ठ अभियंता भर्ती-2020, सीएचओ भर्ती-2020, राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती-2022 और हाईकोर्ट एलडीसी भर्ती जैसी प्रमुख परीक्षाओं के पेपर लीक प्रकरणों में शामिल रह चुका है और गिरफ्तार भी हुआ है। एसओजी अब तक इस गिरोह के सरगना जगदीश बिश्नोई, गणपत मालवाडा, अनिल उर्फ शेर सिंह मीणा, भूपेन्द्र सारण, गणपत लाल और सुरेश को गिरफ्तार कर चुकी है। अब मुख्य फोकस इस बात पर है कि प्रश्न पत्र किस स्त्रोत से लीक हुआ और इसमें और कौन-कौन शामिल हैं।

विजय द्वार पर सड़क सुरक्षा का संदेश

जयपुर। गुलाबी नगरी की सड़कों को सुरक्षित बनाने और दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए सोमवार को वैशाली नगर स्थित विजय द्वार चौराहे पर ट्रेफिक पुलिस ने सड़क सुरक्षा संदेश के साथ जागरूकता अभियान चलाया।

तलाक याचिका दायर करने के लिए समय सीमा नहीं : हाईकोर्ट

जयपुर । राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि तलाक या वैवाहिक विवादों में फैमिली कोर्ट जाने के लिए कोई अधिकतम समय सीमा लागू नहीं होती है। इसके साथ ही अदालत ने समय सीमा के आधार पर केस खारिज करने वाले बूंदी फैमिली कोर्ट के आदेश को निरस्त कर प्रकरण को पुन: सुनवाई के लिए भेज दिया है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस अशोक कुमार जैन की खंडपीठ ने यह आदेश एक विवाहिता की ओर से दायर अपील पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि वैवाहिक मामलों में उत्पन्न विवाद के कारण लगातार बने रहते हैं और इन्हें लगातार वाद कारण माना जाता है। इसलिए तलाक की याचिका किसी भी समय दायर की जा सकती है। फैमिली कोर्ट अधिनियम, 1984 में आने और उस पर परिसीमा अधिनियम की धाराएं लागू नहीं होने के कारण तलाक संबंधी मामलों में अधिकतम समय सीमा की पाबंदी का प्रावधान लागू नहीं होता। अपील में कहा गया कि उसका नाबालिग रहते साल 1994 में विवाह हुआ और साल 2006 में वह शिक्षक नियुक्त हो गई। जिसके बाद अपीलार्थी व उसके पति के बीच विवाद हो गया और वह साल 2008 में मायके रहने चली गई।

वर्क से वेलनेस तक : रीको औद्योगिक क्षेत्रों में मिलेंगी खेल सुविधाएं

इसके लिए रीको प्रशासन ने प्रदेश के 17 औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि चिन्हित की

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। रीको औद्योगिक क्षेत्रों की तस्वीर बदलने जा रही है। जहां पहले उद्यमी और कामगार दिन-रात मशीनों के बीच व्यस्त नजर आते थे, वहीं अब वे समय निकालकर औद्योगिक क्षेत्रों में बनने जा रहे स्पोर्ट्स फैसेलिटी सेंटर्स में खेल खेलते और फिटनेस पर ध्यान देते भी दिखाई देंगे।

उद्यिमयों और कामगारों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और कार्यस्थल पर सकारात्मक माहौल विकसित करने एवं कार्य क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से रीको ने एक सराहनीय पहल की है। इस पहल के तहत अब सेचुरेटेड औद्योगिक क्षेत्रों (जहां अधिकांश भूखंड आवंटित हो चुके हैं) में खेल सुविधाओं के विकास के लिए भूमि उपलब्ध कराई जाएगी।

रीको ने राज्य के 17 औद्योगिक क्षेत्रों में इसके लिए भूमि चिन्हित कर ली है। जयपुर में औद्योगिक क्षेत्र बगरू छितरौली, अपैरल पार्क, सीतापुरा तृतीय चरण, भिवाड़ी द्वितीय में औद्योगिक क्षेत्र कारौली, कोटा में इंद्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र, सवाई माधोपुर में खेरदा, आबूरोड में अर्बुदा, नागौर में एसजीसी परबतसर, पाली में पाली चतुर्थ चरण, किशनगढ़ में किशनगढ़ चतुर्थ चरण, झुंझनूं में झुंझनूं द्वितीय चरण, बीकानेर में कारनी एवं बीछवाल, बोरानाडा में ईपीआईपी बोरानाडा, श्रीगंगानगर में 13 एनएनपी, सीकर में एसकेएस रींगस (विस्तार) और अजमेर में अजयमेरू पालड़ा सम्मिलित हैं।इन क्षेत्रों में लगभग 1000 से 3000 वर्गमीटर तक के भूखण्ड खेल सुविधाओं के लिए चिन्हित किए गए हैं। इनका आवंटन रेंटल मॉडल के आधार पर किया जाएगा। साथ ही, यहां भूखण्ड के 20 प्रतिशत क्षेत्र (10 प्रतिशत आच्छादित क्षेत्र) में रिफ्रेशमेंट, पेयजल और विश्राम कक्ष जैसी आवश्यक सुविधाएं भी विकसित करने की अनुमति होगी।रीको की इस नई पहल से औद्योगिक क्षेत्रों में न सिर्फ काम का माहौल बेहतर होगा, बल्कि उद्यिमयों और कामगारों को स्वस्थ और ऊर्जावान जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरणा मिलेगी। औद्योगिक क्षेत्रों में ही खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने से युवाओं का रूझान भी उद्योग लगाने में बढ़ेगा और रोजगार के नवीन अवसर भी सृजित होंगे।

अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट (दक्षिण) की डीएसटी टीम ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देसी कट्टा बरामद किया है। यह कार्रवाई 'ऑपरेशन आग' के तहत संगठित अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) राज ऋषि राज ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त और सहायक पुलिस आयुक्त मानसरोवर के सुपरविजन में डीएसटी टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा लगातार निगरानी और सूचना संकलन के बाद आरोपी कासिम पुत्र रमजानी (25) निवासी तिलहर, मोहल्ला सितारगंज, थाना शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश) हाल निवासी रोहिणी नगर (रेनवाल मांझी, जयपुर ग्रामीण) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से मौके पर एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया गया।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन राजस्थान दौरे पर आएंगे

27 अप्रैल को भाजपा के 7 नवनिर्मित जिला कार्यालयों का उद्घाटन होगा

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से 27 अप्रैल को प्रदेश में एक साथ 7 नवनिर्मित जिला कार्यालयों का उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन प्रदेश दौरे पर रहेंगे। खास बात यह है कि नितिन नबीन का यह राजस्थान का पहला दौरा होगा, जिसे लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और तैयारियां देखने को मिल रही हैं।

टोंक में जिला कार्यालय के उद्घाटन को लेकर विशेष रूप से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पार्टी पदाधिकारियों के अनुसार, इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। जिला मुख्यालय पर होने वाले इस कार्यक्रम में हजारों कार्यकर्ताओं और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मंडल और बूथ स्तर तक व्यापक संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

उद्घाटन समारोह के साथ ही एक विशाल जनसभा का भी आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें नितिन नबीन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर कार्यकर्ताओं और जनता को संबोधित करेंगे। इस दौरान स्थानीय और क्षेत्रीय नेताओं को भी मंच पर स्थान दिया जाएगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है, जिन्हें अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इनमें यातायात व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, सुरक्षा और मंच प्रबंधन जैसी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से आयोजित करने की योजना बनाई गई है। राजनीतिक दृष्टि से भी यह दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आगामी चुनावों को देखते हुए भाजपा संगठन अपने ढांचे को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर पकड़ बढ़ाने की दिशा में सक्रिय है। नए जिला कार्यालयों का निर्माण इसी रणनीति का हिस्सा है, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं को बेहतर संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

टोंक सहित अन्य जिलों में एक साथ होने वाले इन उद्घाटन कार्यक्रमों से भाजपा प्रदेश में संगठनात्मक ऊर्जा का संचार करना चाहती है। पार्टी का मानना है कि मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की नींव होता है, और इसी दिशा में यह पहल एक बड़ा कदम साबित होगी। कुल मिलाकर, 27 अप्रैल को होने वाला यह आयोजन न केवल संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक होगा, बल्कि प्रदेश की राजनीति में भी नई सक्रियता और संदेश देने वाला माना जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं में इस कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह है और इसे सफल बनाने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

पेपर लीक प्रकरण में वीक्षक को जमानत नहीं

जयपुर । राजस्थान हाईकोर्ट ने कांस्टेबल भर्ती 2018 पेपर लीक मामले में परीक्षा केन्द्र पर वीक्षक रहे आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस प्रमिल कुमार माथुर की एकलपीठ ने यह आदेश कमल कुमार वर्मा की जमानत याचिका को खारिज करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मामला संगठित अपराध से जुड़ा हुआ है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों से प्रथमदृष्टया याचिकाकर्ता की मिलीभगत लग रही है। ऐसे में केवल जेल में लंबे समय से बंद होने के कारण उसे जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता।याचिका में कहा गया कि वह परीक्षा केन्द्र पर वीक्षक पद पर तैनात था। इस मामले में अन्य आरोपियों को जमानत मिल चुकी है, लेकिन वह मई, 2022 से जेल में बंद है। उसे प्रकरण में फंसाया गया है। याचिका में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट तय कर चुका है कि एक तिहाई सजा पूरी होने के आधार पर भी जमानत मिलती है। इसका विरोध करते हुए सरकारी वकील जयप्रकाश तिवाडी ने कहा कि इस मामले में 46 में से 32 गवाहों के बयान हो चुके हैं। ऐसे में आरोपी को जमानत पर रिहा करना उचित नहीं है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।

बीएसबी बोर्ड का 10वीं और 12वीं का परिणाम घोषित

10वीं में ऑल इंडिया टॉपर बनी आचार्यकुलम असम की अश्मिता बसनेट तथा 12वीं की टॉपर रहीं पतंजलि गुरूकुलम टिहरी की मल्लिका दास

हरिद्वार। भारतीय शिक्षा बोर्ड (बीएसबी) ने शैक्षिणक सत्र 2025-26 के राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कक्षा 10 एवं 12 बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए है। 10वीं में ऑल इंडिया टॉपर बनी आचार्यकुलम असम की अश्मिता बसनेट तथा 12वीं की पतंजलि गुरूकुलम टिहरी की मल्लिका दास टॉपर रही।

कक्षा 10 में ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम स्थान अश्मिता बसनेट (97 प्रतिशत), आचार्यकुलम कुमारिकाता, असम ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान प्रियंम चक्रवर्ती (92.60 प्रतिशत), आचार्यकुलम चिरांग, असम तथा तृतीय स्थान एंजेल (92.40 प्रतिशत), पतंजलि गुरुकुलम टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड को प्राप्त हुआ।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में ज्विशामत बसुमतारी (99), सूचना प्रौद्योगिकी में रमाशीष (92), हिंदी में एंजेल (94) से अव्वल रहीं। संस्कृत में प्रगति सिन्हा, रुचि कुमारी एवं वैष्णवी पंचोली (100/100) ने बाजी मारी। सामाजिक विज्ञान में अश्मिता बसनेट एवं सेविका देवी (97) से शीर्ष स्थान पर रहीं। पेंटिंग में माधवी त्यागी (99), तथा पंजाबी में सपना (84) अंकों के साथ रही। असमिया में बर्निल कश्यप, सुबदीप देबनाथ एवं प्रिया बैश्य (93), तथा बोडो में सुजुमा ब्रह्मा (79) रही।

कक्षा 12 में ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम स्थान मल्लिका दास (96.20 प्रतिशत), पतंजलि गुरुकुलम, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड ने प्राप्त किया। जबकि द्वितीय स्थान प्रिया (94.80 प्रतिशत), पतंजलि गुरुकुलम हरिद्वार, उत्तराखंड तथा तृतीय स्थान अंशिका चौहान (94.60 प्रतिशत), पतंजलि गुरुकुलम, हरिद्वार, उत्तराखंड को प्राप्त हुआ।

कंप्यूटर साइंस में मल्लिका दास (93), अंग्रेजी में काशिश यादव (95), इतिहास में दीक्षित्ता मौर्य (96), हिंदी में अनुष्का सिंह (99), ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्पेनिश एवं संस्कृत में ज्योति देवासी (90, 99), पेंटिंग में आस्था सिंह पटेल (100/100), अर्थशास्त्र में वेद भानु प्रधान (90), संगीत में अमन देवी एवं स्यामिन पौडेल (99) तथा योग में अंशिका चौहान एवं श्रद्धा जायसवाल (99) रही। बता दें कि भारतीय शिक्षा बोर्ड की ओर से 5 से 29 मार्च तक देश भर में आयोजित की गई थी। परीक्षा के बाद से बोर्ड ने तुरंत मूल्यांकन कार्य की शुरुआत कर दी। जिससे त्वरित गति से परिणाम 10 वीं और 12 वीं का आज सामने आया है।

युवती का पीछा कर धमकाने वाला मनचला गिरफ्तार

जयपुर। राजधानी में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए तैनात कालिका पेट्रोलिंग टीम ने सोमवार को एक मनचले को सलाखों के पीछे पहुंचाया है। यह युवक काफी समय से एक युवती का साए की तरह पीछा कर उसे दोस्ती के लिए डरा-धमका रहा था। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि सोमवार को कालिका पेट्रोलिंग यूनिट (गुलाब, सुमित्रा, सोनू और रेखा) गश्त पर थी । इसी दौरान एक युवती ने फोन पर सूचना दी कि एक युवक रोज उसका पीछा करता है और दोस्ती न करने पर धमकियाँ देता है। युवती ने बताया कि वह युवक उसके मोती डूंगरी स्थित ऑफिस तक पहुँच गया है और बाहर थड़ी पर बैठकर उसका इंतजार कर रहा है। जिससे उसका घर से निकलना मुश्किल हो गया है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा के नेतृत्व में टीम ने तुरंत मौके पर पहुँचकर युवती से संपर्क किया। युवती के इशारे पर टीम ने आरोपी अंकित पाराशर (24) निवासी मंडरायल जिला करौली को दबोच लिया ।

आईपीएल टिकट के नाम पर साइबर ठगी की संभावना

राजस्थान पुलिस ने आमजन के लिए जारी की एडवाइजरी

जयपुर। आईपीएल 2026 सीजन के दौरान टिकटों की भारी मांग को देखते हुए साइबर अपराधियों की सक्रियता बढ़ गई है। ऐसे में राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन, विशेष रूप से क्रिकेट प्रेमियों को सतर्क रहने के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (साइबर क्राइम) वी.के. सिंह के निर्देशों पर जारी इस एडवाइजरी में ठगी के नए तरीकों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है।

पुलिस अधीक्षक (साइबर क्राइम) शान्तनु कुमार सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी लोगों की उत्सुकता और जल्दबाजी का फायदा उठाकर उनकी मेहनत की कमाई हड़प रहे हैं। उन्होंने बताया कि अपराधी फिशिंग और क्लोन वेबसाइट्स के जरिए असली टिकट बुकिंग साइट्स की नकल तैयार करते हैं, जिनमें मामूली बदलाव कर लोगों को भ्रमित किया जाता है। इन फर्जी वेबसाइट्स पर कार्ड डिटेल डालते ही बैंक खाते से रकम निकल जाती है।

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वीआईपी पास या कन्फर्म टिकट के नाम पर लुभावने ऑफर देकर भी लोगों को फंसा रहे हैं ठग

इसके अलावा सर्च इंजन विज्ञापनों के जरिए भी ठगी की जा रही है। गूगल पर सर्च करने पर सबसे ऊपर दिखने वाले कुछ विज्ञापन फर्जी वेबसाइट्स के होते हैं, जिन पर क्लिक करने से उपभोक्ता ठगी का शिकार हो सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स-जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक और टेलीग्राम-पर वीआईपी पास या कन्फर्म टिकट के नाम पर लुभावने ऑफर देकर भी लोगों को फंसाया जा रहा है।

पुलिस ने चेताया है कि भुगतान के बाद ठग व्हाट्सएप पर नकली क्यूआर कोड या ई-टिकट भेज देते हैं, जो स्टेडियम पर स्कैन नहीं होते। साथ ही सिर्फ 2 टिकट बचे हैं या सीमित समय का ऑफर जैसे संदेश देकर तुरंत भुगतान के लिए दबाव बनाया जाता है।

पुलिस ने सलाह दी है कि टिकट केवल आधिकारिक वेबसाइट या अधिकृत प्लेटफॉर्म से ही खरीदें। भुगतान से पहले वेबसाइट के यूआरएल में और सही स्पेलिंग की जांच करें। किसी भी संदिग्ध या अत्यधिक सस्ते ऑफर से बचें और सुरक्षित पेमेंट गेटवे का उपयोग करें। राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सतर्कता ही साइबर ठगी से बचने का सबसे बड़ा उपाय है, इसलिए किसी भी ऑनलाइन लेनदेन में पूरी सावधानी बरतें।